# पटना और मुजफ्फरपुर में जिओ ट्रू 5जी सेवा लॉन्च

## चर्चा में क्यों?

14 जनवरी, 2023 को बिहार की राजधानी पटना और मुजफ्फरपुर शहर में रिलायंस जियो ने अपनी ट्रू 5जी सेवाएँ लॉन्च कर दी।

## प्रमुख बिंदु

- पटना के शहरी क्षेत्र पटना साहिब से लेकर दानापुर तक और मुजफ्फरपुर के शहरी क्षेत्र में अब जियो ट्रू 5जी का कवरेज मिलेगा।
- कंपनी का दावा है कि दिसंबर 2023 तक बिहार और झारखंड के हर कस्बे और हर गांव में जियो ट्रू 5जी उपलब्ध होगा।
- कंपनी के अनुसार पटना और मुजफ्फरपुर में जियो उपयोगकर्ताओं को जियो वेलकम ऑफर के तहत आमंत्रित किया जा रहा है। आमंत्रित यूजर्स को बिना किसी अतिरिक्त लागत के 1 जीबीपीएस स्पीड पर अनलिमिटेड डेटा मिलेगा।
- लांचिंग पर जियो प्रवक्ता ने कहा कि देश भर में ट्रू 5जी रोलआउट की स्पीड को हमने और तेज़ कर दिया है, क्योंकि हम चाहते हैं कि साल 2023 में प्रत्येक जियो उपयोगकर्ता को जियो ट्रू 5जी टेक्नोलॉजी का फायदा मिले।
- जिन शहरों में ट्रू जी लॉन्च किया गया है, वे देश के महत्त्वपूर्ण पर्यटन-स्थल, व्यापारिक और औद्योगिक केंद्रों में शामिल हैं।
- जियो की ट्रू 5जी सेवाओं के लॉन्च के साथ ही क्षेत्र के उपभोक्ताओं को न केवल सबसे अच्छा दूरसंचार नेटवर्क मिलेगा बल्कि ई-गवर्नेंस, शिक्षा, ऑटोमेशन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, गेमिंग, हेल्थकेयर, कृषि, आईटी के क्षेत्रों में भी विकास के अवसर मिलेंगे।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/jio-true-5g-service-launched-in-patna-and-muzaffarpur